### एक नजर में

## ट्रैफिक प्रहरी की ईमानदारी, खोया पर्स मिला



इंदौर. राजवाड़ा क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक प्रहरी विशाल पाटिल और योगेश इंगले को सड़क पर एक पर्स मिला. दोनों ने तत्परता दिखाते हुए पर्स को सुरक्षित रख वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी. जांच में पर्स से नगद राशि और महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले. दस्तावेजों के आधार पर मालिक से संपर्क कर आवश्यक सत्यापन के बाद पर्स व नगदी सुरक्षित लौटा दी गई. पर्स वापस पाकर संबंधित नागरिक ने ट्रैफिक प्रहरियों की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की.

## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन की साधारण सभा




इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा साकेत क्लब, साकेत नगर में आयोजित की गईजिसमें आइये आपको ले चलते है बसंत से बसंत तक की संगीत यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य शिक्षाविद अशोककुमार सोजतिया का समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिये ग्रुप की ओर से सम्मान किया गया. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी. आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 4 नेत्र शिविर आयोजित किये गये जिसमे 80 मोतियाबिंद के आपरेशन व 225 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया।सभा में भंवरलालजी कासवा, विजयसिंहजी नाहर, श्री सुरेन्द्रकुमार मारू,, श्री सुरेशचंद जैन श्री अशोकजी सुराना, श्री प्रकाशचंदजी कांकरिया, श्री गिरीश बाफना आदि सदस्य उपस्थित थे सभा का संचालन सचिव श्रीमती किरण संचेती व श्री अरविन्द चौधरी ने किया 7 आभार प्रदर्शन श्री जिनेन्द्रकुमार पारख, ने किया.

## प्रभु राम ने समाज को अंत्योदय का संदेश दिया



इंदौर. कृष्ण यदि कण-कण में मौजूद हैं तो राम भी रोम-रोम में व्याप्त हैं। राम और कृष्ण इस देश के जनमानस के प्राणतत्व हैं. राम मर्यादा पुरूषोतम हैं तो कृष्ण लीलाधर। राम और कृष्ण भारत भूमि के पर्याय हैं. इन दोनों अवतारों के बिना भारतभूमि की कल्पना भी संभव नहीं है. राम ने जहां समाज को अंत्योदय का संदेश दिया है वहीं कृष्ण ने कंस प्रवृत्ति का नाश कर आतंकवाद के खात्मे का सन्देश दिया है. धर्म की जब-जब हानि होती है, भगवान भारत भूमि पर ही अवतार लेते हैं. यदि हमने समय को सही ढंग से नहीं काटा तो समय हमें काटेगा. ये विचार हैं मालवा के प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर के, जो उन्होंने बुधवार को धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में चल रहे मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को कृष्ण जन्मोत्सव पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए. कथा में आज राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए गए. व्यास पीठ का पूजन नानूराम चौधरी के साथ विष्णु चौधरी, ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, सीताराम नरेडी, मांगीलाल ठाकुर, देवेन्द्र सांखला एवं रेखा श्रीकांत शर्मा आदि ने किया. यह दिव्य अनुष्ठान 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक जारी रहेगा।

## एडवांस लेप्रोस्कोपिक से सौ सफल सर्जरी की



इंदौर. एडवांस लेप्रोस्कोपिक यूरोलॉजी में सौ सफल की-होल सर्जरी पूर्ण करने की उपलब्धि पर शैल्बी हॉस्पिटल में यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विनीत नजा जैन ने एक जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें विगत एक वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया गया. शैल्बी हॉस्पिटल के सीओओ श्री वेंकटेश, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक जोशी एवं डिप्टी सीएओ अभिषेक चौरसिया ने बताया कि पिछले एक वर्ष में यूरोलॉजी विभाग में कुल 732 सर्जरी की गई. इनमें से 100 एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी तथा 585 एंडो-यूरोलॉजिकल एवं रिकंस्ट्रक्टिव प्रोसीजर शामिल हैं. यह उपलब्धि विभाग की विशेषज्ञता और तकनीकी क्षमता को दर्शाती है. कार्यक्रम में आगे बताया गया कि हाल ही में किडनी की नली की गंभीर इंजरी के केस में दूरबीन पद्धति से पेशाब की थैली से नली बनाकर सफलतापूर्वक जोड़ा गया. वर्तमान में किडनी सामान्य रूप से कार्य कर रही है. एक केस में 65 वर्षीय महिला, जिनके बच्चेदानी कैंसर ऑपरेशन के बाद बाएं गुर्दे की नली में सिकुड़न हो गई थी इसका भी सफल लेप्रोस्कोपिक उपचार किया गया. यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विनीत नजा जैन, यूरोलॉजिस्ट डॉ. शशांक चौरसिया अपनी तथा नेफ्रोलॉजी विभाग में डॉ. राहुल शुक्ला एवं डॉ. मोहित नरेड़ी फुल-टाइम कंसल्टेंट के रूप में अपनी सेवाएँ देते हैं अंत में बताया गया कि शैल्बी हॉस्टिल में पिछले एक वर्ष में 100 सफल एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई.

## शिविर में 540 अग्रवाल बंधुओं ने कराई जांच



इंदौर. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में रविवार को अन्नपूर्णा मंदिर पर आयोजित पहले स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क जांच शिविर का शुभारंभ आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज एवं आश्रम के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरी महाराज के सानिध्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, पवन सिंघानिया मोयरा, विष्णु बिंदल, जगदीश बाबाश्री, गणेश गोयल, श्याम सिंघल, डॉ. विनिता कोठारी एवं विधायक मधु वर्मा के विशेष आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. शिविर में डॉ. विनिता कोठारी के मार्गदर्शन में 20 चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्यों ने सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 540 बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी सभी तरह की मेडिकल जांचे भी की. शिविर संयोजक किशोर गोयल, अरविन्द वेल्यूअर, शीतल तोडीवाला एवं शरद कदम ने बताया कि अन्नपूर्णा अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ, अग्र दया, अग्र मिलन सहित अन्नपूर्णा क्षेत्र के विभिन्न अग्रवाल संगठनों की ओर से संजय गोयनका, विष्णु गोयल, गोपाल गोयल, गोपाल अग्रवाल 999, तृप्ति गोयल ने सभी मेहमानों की अगवानी की. इस मौके पर अभियान के सूत्रधार विनोद अग्रवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य यही है कि सभी समाज बंधु स्वस्थ और निरोगी रहकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सेवा में हमेशा जुटे रहें. यह अभियान इसी लक्ष्य से शुरू किया गया है.

## उद्यमी श्रेष्ठा सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



इंदौर. उद्यमी श्रेष्ठा गोयल सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया द्य श्रेष्ठा गोयल सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन होने के साथ एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश की वुमन विंग की अध्यक्ष भी हैं, स्द्धद्ध वूमेन इंडस्ट्रियल एसोसिएशनकी फाउंडर भी है ।महिला आर्थिक सशक्तिकरण पर बहुत लंबे समय से काम कर रही है इस कार्य हेतु उन्हें कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है द्य अब माननीय शंकर लालवानी जी की टीम में रहकर उद्योगों से जुड़ी हुई महिलाओं और उनकी समस्याओं पर विशेष तौर पर और इंदौर में बनने वाले महिला औद्योगिक क्लस्टर के लिए भी सांसद जी के गाइडेंस में काम करेंगे.

# रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी

- 41 हजार से अधिक कीमत की जब्त शराब की
- जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

**इंदौर. रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब तस्करी की कोशिश को जीआरपी की सतर्कता ने विफल कर दिया. प्लेटफॉर्म नंबर 4 से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 41 हजार रुपये से अधिक कीमत की शराब जब्त की गई है.**

एसपी रेल पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर ड्यूटी के दौरान जीआरपी आरक्षक महेंद्र सिंह रावत को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति बड़ी मात्रा में शराब लेकर स्टेशन परिसर में बैठा है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आरक्षक सुरजीत सिंह तथा आरपीएफ आरक्षक संतोष गुजर के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की. पंचों की मौजूदगी में टीम चाइल्ड हेल्प लाइन बूथ के समीप पहुंची, जहां बताए गए हुलिए का व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा. जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में उसने अपना नाम प्रकाश लखानी उम्र 46 निवासी शिवाजी वार्ड, थाना गांधीनगर, जिला भोपाल बताया.

### ट्रॉली सूटकेस और पिट्ठू बैग में भरकर ले जा रहा था बोतलें

तलाशी के दौरान उसके ट्रॉली सूटकेस से 22 बोतल 'मैजिक मूवमेंट' अंग्रेजी शराब तथा पिट्ठू बैग से 81 क्वार्टर 'रॉयल चैलेंज गोल्ड' व्हिस्की बरामद हुई. 31 लीटर 80 मिलीलीटर शराब की अनुमानित कीमत 41 हजार 960 रुपये आंकी गई है. आरोपी के पास शराब परिवहन अथवा विक्रय संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले. पूछताछ में उसने उक्त शराब भोपाल में अवैध बिक्री के लिए ले जाना स्वीकार किया. पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य सुरक्षित किए हैं. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई से स्टेशन परिसर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक और सफलता दर्ज की गई है.

# पटना के लिए होली स्पेशल ट्रेन आज से, हर गुरुवार चलेगी

इंदौर. होली के मौके पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल ने विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इसी क्रम में 26 फरवरी से महू (डॉ. आंबेडकर नगर) से इंदौर होते हुए पटना के लिए नई होली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी. रेलवे ने हाल ही में इंदौर से पटना और दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की थी. इन ट्रेनों के शुरू होने से बिहार जाने वाले यात्रियों को सीधा और अतिरिक्त विकल्प मिलेगा.

रेलवे द्वारा होली के मद्देनजर इंदौर से पटना और दिल्ली के लिए विशेष ट्रेनों की घोषणा की गई थी. इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के लिए स्पेशल ट्रेन पहले ही शुरू की जा चुकी है, जबकि पटना के लिए ट्रेन का संचालन गुरुवार से प्रारंभ होगा. डॉ. आंबेडकर नगर-पटना-डॉ. आंबेडकर नगर (09343/09344) स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार शाम 6 बजे महू से रवाना होकर 6.30 बजे इंदौर पहुंचेगी. इसके बाद निर्धारित मार्ग से होते हुए अगले दिन यानी शनिवार को शाम 6.30 बजे पटना पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार रात 9.30 बजे पटना से रवाना होकर शनिवार रात 11.10 बजे इंदौर पहुंचेगी.

### ये रहेंगे प्रमुख स्टॉपेज

दोनों दिशाओं में ट्रेन इंदौर, फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी. ट्रेन में एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे. इस स्पेशल ट्रेन का संचालन महू से 26 मार्च तथा पटना से 27 मार्च निर्धारित किया है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अतिरिक्त सेवा शुरू की गई है.

# फोन-पे से भुगतान करते ही खाते से उड़ा लिए 1.01 लाख रुपए

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. अज्ञात साइबर ठग ने बुजुर्ग के बैंक खाते से बिना अनुमति 1 लाख से अधिक राशि ट्रांसफर कर ली. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि देवेन्द्र सिंह तोमर उम्र 65 साल निवासी एस-1 पावन धाम, जार्डिन होटल के पीछे, निपानिया रोड ने शिकायत दर्ज कराई कि वे सब्जी विक्रेता को फोन-पे के माध्यम से भुगतान कर रहे थे, लेकिन ट्रांजेक्शन सफल नहीं हो रहा था. इसके बाद उन्होंने योनो ऐप के जरिए अपना बैंक बैलेंस चेक किया तो खाते से कई संदिग्ध लेन-देन होना पाया गया. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके एसबीआई खाते से 29,000, 19,999, 19,991, 19,000, 9,999, 1,999 और 1,999 रुपये के सात ट्रांजेक्शन हो चुके थे. कुल मिलाकर 1,01,987 रुपये की राशि खाते से निकल चुकी थी, जबकि ये सभी ट्रांजेक्शन उन्होंने नहीं किए थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. लसूड़िया पुलिस ने बैंक से ट्रांजेक्शन डिटेल और संबंधित खातों की जानकारी मांगी है. साथ ही साइबर सेल की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि राशि किस खाते में ट्रांसफर हुई और किस माध्यम से निकाली गई. पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन भुगतान करते समय सतर्क रहने और संदिग्ध ट्रांजेक्शन की तुरंत सूचना देने की अपील की है.

# स्टेज कैरिज बसों में वाणिज्यिक सामान ढुलाई के प्रस्ताव का विरोध



इंदौर. ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह (आईएएस) से विस्तृत चर्चा की. बैठक में एमपी राज्य परिवहन उपक्रम की स्टेज कैरिज बसों में कार्गो अर्थात वाणिज्यिक सामान ले जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा.

डॉ. सभरवाल ने कहा कि इस व्यवस्था से ट्रक व्यवसाय को आर्थिक नुकसान होगा, वस्तु एवं सेवा कर चोरी की आशंका बढ़ेगी तथा यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित होगी. उन्होंने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए प्रस्ताव को तत्काल स्थगित करने की मांग की. साथ ही निजी अनुबंधित बसों में अवैध रूप से वाणिज्यिक सामान परिवहन पर सख्ती की भी आवश्यकता बताई. बैठक में स्वचालित फिटनेस जांच केंद्र की अनिवार्यता और मैनुअल फिटनेस बंद होने से परिवहन व्यवसायियों को आ रही परेशानियों का मुद्दा भी उठाया. सचिव ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया.

### बैठक में बनी यह सहमति...

बैठक में यह सहमति बनी कि संगठन और विभाग मिलकर इन विषयों को केंद्र सरकार स्तर पर समाधान हेतु उठाएंगे. प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भी मुलाकात कर फिटनेस व्यवस्था, स्वचालित जांच केंद्रों की उपलब्धता तथा बसों में अवैध वाणिज्यिक सामान परिवहन का मुद्दा रखा. बैठक में विजय कालरा, हरीश डाबर, राकेश तिवारी, अमरजीत सिंह बग्गा, सी.एल. मुकाती, चतर सिंह भाटी, कमल पंजवानी, मोहित डाभी और दीपक खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

# स्कूली बच्चों ने दीवारों के जरिये दिया स्वच्छता संदेश

- वार्ड 18 गोविंद नगर खारचा में आदर्श बैकलेन का निर्माण
- जनसहयोग से बना स्वच्छता का आदर्श मॉडल




नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम इंदौर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत झोन क्रमांक 17, वार्ड क्रमांक 18 स्थित गोविंद नगर खारचा में आदर्श बैक लेन का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण किया गया. यह कार्य महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जनसहभागिता मॉडल पर किया गया.

गोविंद नगर खारचा क्षेत्र में बैक लेन को व्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया. इस अभियान में क्षेत्र के समस्त रहवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान, सफाई, रंग-रोगन एवं दीवारों के सौंदर्यीकरण में अपना योगदान दिया. बैक लेन की दीवारों पर सुंदर पेंटिंग, स्वच्छता संदेश एवं प्रेरणादायक चित्रों के माध्यम से क्षेत्र को एक आदर्श स्वरूप प्रदान किया गया. कार्यक्रम के दौरान नवज्योति स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बैक लेन की दीवारों पर हस्ताक्षर कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. बच्चों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी पेंटिंग्स ने पूरे क्षेत्र को जीवंत एवं प्रेरणादायक बना दिया. इस अवसर पर सभी रहवासियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने घरों के आसपास की बैक लेन को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखेंगे तथा गंदगी फैलाने वालों को भी जागरूक करेंगे.

### बेकलेन में की पार्टी

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्कूल बच्चों ने वहां पोटा पार्टी करते हुए, कैरम एवं अन्य खेल में सहभागिता की. कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रखर सिंह, पार्षद सोनाली विजय परमार, नियंत्रणकर्ता अधिकारी राजेश चौहान, झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई आशीष कापसे, सीएसआई सतेंद्र तोमर, उपयंत्री वैभव शिवहरे, उपयंत्री सिद्धांत मेहता, एचएमएस एनजीओ हेड कृष्णा पटेल, एसीएसआई राजू मीणा एवं अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए चयन

- 5 अप्रैल को इंडोनेशिया में होगी प्रतियोगिता



इंदौर. वैष्णवी दांगी को अप्रैल माह में इंडोनेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में चयन हुआ है.

उल्लेखनीय है कि इंडियन बॉक्सिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट राकेश मिश्रा के अथक प्रयासों से इंडिया के मुक्केबाजों को सभी राज्यों में नियमित रूप से राष्ट्रीय स्पर्धा का मंच मिल रहा है. इंदौर मध्य प्रदेश की मुक्केबाज वैष्णवी दांगी जो कि लगातार राज्य स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीत रही थी और नेशनल गोल्ड की तलाश में थी उनके प्रयास तब रंग लाए जब आईएबी एफ के प्रेसिडेंट राकेश मिश्रा ने पिछले साल बिहार में और इस साल उदयपुर में आल इंडिया के मुक्केबाजों की प्रतियोगिता का आयोजन किया. मुक्केबाज वैष्णवी दांगी पिछले साल बिहार नेशनल स्पर्धा के फाइनल तक पहुंची थी, पर बहुत ही संघर्षपूर्ण मैच में वो पराजित हो गई थी. पुनः नेशनल कोच लोकेश केसरवानी के साथ पर्सनल और एडवांस ट्रेनिंग लेने के लिए एक साल स्कूल भी नहीं जा सकी. इस साल राजस्थान के उदयपुर शहर में मणिपुर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा को पराजित करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया और अप्रैल माह में इंडोनेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया. इस अवसर पर राकेश मिश्रा, एस सोनकर, श्रीमान राकेश ठाकरान, ऊषा सिलावट, रेनू भलासे, एल एल वर्मा, प्रदीप नायर, डॉ अविनाश वर्मा, देवेश व्यास, शंकर लालवानी, ताई सुमित्रा महाजन ने अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए बधाई प्रेषित की।

# रामलीला का किया भावपूर्ण मंचन



इंदौर. रुस्तम का बगीचा, मालवा मिल स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला महोत्सव का 12वाँ दिन अत्यंत भव्य, भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा. इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लिया.

मंचन में प्रभु श्री राम और रावण के मध्य घमासान युद्ध का अद्भुत एवं जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. प्रभु श्री राम का धैर्य, धर्मनिष्ठा एवं आदर्श नेतृत्व दर्शकों के लिए प्रेरणास्रोत रहा, वहीं लक्ष्मण जी की अपने भ्राता के प्रति समर्पण भावना, साहस और कर्तव्यनिष्ठा ने सभी के हृदय को भावविभोर कर दिया. कार्यक्रम संयोजक अन्नू गेहलोत ने बताया कि विशेष रूप से वह प्रसंग अत्यंत शिक्षाप्रद रहा, जब युद्धभूमि में घायल अवस्था में पड़े रावण से लक्ष्मण जी को ज्ञान प्राप्त करने हेतु भेजा गया. रावण ने लक्ष्मण को जीवन, नीति, राजनीति एवं समय के महत्व का गूढ़ उपदेश दिया- शुभ कार्य में विलंब नहीं करना चाहिए. शत्रु को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए. ज्ञान जहाँ से मिले, उसे विनम्रता से ग्रहण करना चाहिए. मुख्य अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद चिंटू चौकसे, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री यज्ञेश राठी, गोविंद मंगल, प्रदीप कुमावत, चरण सिंह नारंग, मुकेश दांगी, लक्की रघुवंशी, प्रभाकर बीसे, तिलक जी एवं ताराचंद जी की गरिमामयी उपस्थिति रही.

### एक नजर में

छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह का समापन

# शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र से प्रेरणा लें बच्चे




**इंदौर. चित्रकला प्रतियोगिता के साथ छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयन्ती समारोह का समापन शिव मंदिर उषा नगर एक्सटेंशन में 18 वर्ष आयु तक समूह के बच्चों की निशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण के साथ हुआ. कार्यक्रम के अतिथिगण वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं. कृपाशंकर शुक्ला, इंदौर प्रेस क्लब सचिव अभिषेक चेंडके और हरिशंकर रायकवार थे. इनका स्वागत संस्था के संयोजक एडवोकेट मनोहर पवार द्वारा किया गया.**

अथितियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों से शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की बात कही. कार्यक्रम में कक्षा 7वीं की बालिका वान्या पवार ने अपनी ओजस्वी आवाज में शिवाजी महाराज की वीरगाथा प्रस्तुत पर कर बच्चों में जोश भर दिया. श्री पवार ने बताया कि विभिन्न स्कूलों के लगभग 150 बच्चों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की विभिन्न घटनाओं एवं प्रकृति ,पर्यावरण आदि विषयों पर बहुत सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाये. प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चों को पुरस्कार मिले, इस मंशा से चार विभिन्न वर्गों में पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम में सर्वश्री एडवोकेट मनोहर पवार, दीपक फालके, अशोक गायकवाड़, अमित आमनापुरकर, बबन कदम, सुरेश सुरोसी, विनोद नागरे, रविन्द्र गट, वीरेंद्र पुनेकर, जी.आर. कदम, साक्षी नागरे, आशा गायकवाड़, सुरेखा कदम, लता पवार,आदि मौजूद रहे. संचालन रविंद्र गट ने, स्वागत भाषण एडवोकेट मनोहर पवार ने तथा आभार प्रदर्शन अमित आमनापुरकर ने किया.

### इनको मिले पुरस्कार...

प्रथम वर्ग समूह (बालवर्ग) में प्रथम जन्मजय लांडे, द्वितीय रूबी अग्रवाल, तृतीय देव कुशवाहा और प्रोत्साहन पुस्रकार कनिका काकड़े ने माना. द्वितीय वर्ग समूह में प्रथम अन्वी भोसले, द्वितीय देवांश बागे और तृतीय दिव्या काकड़े रही. प्रोत्साहन पुरस्कार आदित्य ग्वारगोड को मिला. तृतीय वर्ग समूह में प्रथम लक्ष्य शेर, द्वितीय आरुष वर्मा, तृतीय सोहम तीखे को मिला. प्रोत्साहन पुरस्कार अवधूत पाठक को मिला. चतुर्थ वर्ग समूह में प्रथम विधि साठे, द्वितीय भूमिका कुशवाहा, तृतीय सुमित फगोरे और प्रोत्साहन प्रथम तायडे को मिला. प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसीद्ध चित्रकार प्रकाश वी.जी. भावे, राजश्री चिटनिस एवं सौ. माधवी एकतारे थे.